हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 11 अंक : 42 | देहरादून, सोमवार, 01 अगस्त, 2022 | मूल्य : एक रुपया | पृष्ठ : 08



मुख्यमंत्री ने किया 108 बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि ऋण सहकारी समितियों (एम पेक्स) के कम्प्यूटीकरण का लोकार्पण

3

## 24 घंटों के लिए यलो अलर्ट जारी

# बदरीनाथ हाईवे बंद, धारचूला में 80 परिवारों ने छोड़ा घर

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। उत्तराखंड में पिछले दो दिन से लगातार हो रही वर्षा ने दुश्वारियां खड़ी कर दी हैं। पहाड़ से लेकर मैदान तक जनजीवन अस्तव्यस्त हो चुका है। भूस्खलन के कारण कई स्थानों पर सड़कें बाधित हैं। यात्रा मार्गों पर जहां-तहां श्रद्धालु फंसे हैं और नदी-नाले उफान पर आने से आमजन दहशत में है।

हरिद्वार और ऋषिकेश में गंगा चेतावनी रेखा के पार बह रही है। वहीं, पिथौरागढ़ जिले के धारचूला में एलधारा की पहाड़ी से भूस्खलन होने के कारण 80 परिवारों ने घरों को छोड़कर राहत शिविरों में शरण ले ली है। धारचूला बाजार में एलधारा के पास 20 मीटर सड़क बह गई है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के लिए यलो अलर्ट जारी करते हुए सात जिलों में कुछ स्थानों पर भारी वर्षा का अंदेशा जताया है।

प्रदेश में रविवार सुबह से वर्षा का क्रम जारी रहा। चारधाम यात्रा मार्ग भूस्खलन के कारण दिनभर खुलते और बंद होते रहे। ऋषिकेश-बदरीनाथ हाईवे तोताघाटी में चार घंटे, सिरोबगड़ में एक घंटे और लामबगड़ में दोपहर 12 बजे के बाद से बंद है।

लगातार वर्षा होने से हाईवे खोलने का काम भी बाधित हो रहा है, जिसके चलते जिला प्रशासन ने बदरीनाथ जाने वाले 700 यात्रियों को पांडुकेश्वर, गोविंदघाट और जोशीमठ में ही रोक दिया है। इधर, वर्षा से मलबा आने के कारण पहाड़ में 50 से अधिक ग्रामीण मोटर मार्ग बंद पड़े हैं।



वहीं केदारनाथ हाईवे भीरी के पास कुछ समय के लिए बाधित रहा और यमुनोत्री राजमार्ग पर ब्रह्मखाल सिल्क्यारा के बीच दलदल की स्थिति बनी हुई है। यमुनोत्री मार्ग क्षतिग्रस्त होने के कारण रविवार को दूसरे दिन भी यमुनोत्री यात्रा पर प्रशासन ने रोक लगाए रखी। उत्तरकाशी के बड़कोट तहसील के डंडाल गांव में जमीन पर दरारें आने से ग्रामीण दहशत में आ गए। चमोली जिले में 37 संपर्क मार्ग भूस्खलन के कारण बंद हैं।

भराड़ीसैंण विधानसभा भवन के नजदीक बने हेलीपैड का मलबा बहने से पेयजल लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। श्रीनगर में उफल्टा के समीप पहाड़ी से अचानक भूस्खलन होने से सिंचाई विभाग के अभियंता के आवास और कैंप कार्यालय का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। टिहरी जिले में 11 ग्रामीण मोटर मार्ग अवरुद्ध हैं। मौसम विभाग के निदेशक के मुताबिक अगले 24 घंटे के भीतर देहरादून, टिहरी, पौड़ी, हरिद्वार, नैनीताल, उधमसिंह नगर, चंपावत में कहीं कहीं भारी वर्षा हो सकती है।

श्रीनगर से लगभग चार किलोमीटर दूर उफल्डा के समीप मालढैय्या पर रविवार को प्रातः लगभग साढ़े 11 बजे अचानक छोटी पहाड़ी से हुए भारी भूस्खलन से श्रीनगर से कीर्तिनगर के मध्य हाईवे पर वाहनों की आवाजाही ठप हो गई। भूस्खलन से सिंचाई विभाग की आवासीय कालोनी के लिए बनाई गई बड़ी सुरक्षात्मक दीवार भी ढह गई, जिससे अधिशासी अभियंता के आवास और कैंप कार्यालय के दो कमरे भी हवा में झूल गए। पूरे भवन में दरारें भी आ गई।

प्रदेश की ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण के विधानसभा परिसर भराड़ीसैंण के पास हेलीपैड के विस्तारीकरण का मलबा गिरने से जहां सैकड़ों पेड़ दब गए, वहीं चोरड़ा गांव की पेयजल योजना भी पूरी तरह ध्वस्त हो गई। इस घटना से तहसील प्रशासन में हड़कंप मच गया।

ग्रामीणों ने इस घटना के लिए ग्रामीण निर्माण विभाग (आरडब्लूडी) के अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराया है, वहीं तहसीलदार राकेश पल्लव ने रविवार को घटनास्थल का निरीक्षण किया। साथ ही सोमवार को आरडब्लूडी अधिकारियों को बुलाकर उनका जवाब तलब किया है।

वर्षा के चलते जगह-जगह दरके पहाड़ों का मलबा रोड पर आने से जौनसार-बावर क्षेत्र के 16 मोटर मार्ग बंद रहे, इनमें दो राज्य मार्ग भी हैं। वर्तमान में लोनिवि निर्माण खंड का एक, लोनिवि साहिया के पांच, लोनिवि चकराता के सात और पीएमजीएसवाई के तीन मार्ग बंद होने की वजह से करीब चार दर्जन गांवों, खेड़ों और मजरों के ग्रामीणों का जनजीवन प्रभावित है। बंद मार्गों पर जगह-जगह कृषि उपज से लदे वाहन फंसे रहे।

जौनसार-बावर के चकराता क्षेत्र में 0.50 मिमी, लाखामंडल में 12.50 एमएम, कालसी में एक एमएम, नागथात में 11.50 एमएम, पछवादून के सहसपुर क्षेत्र में 19 एमएम वर्षा हुई, जबकि विकासनगर में हल्की बौछार चलती रही। रविवार को कभी वर्षा तो कभी धूप की स्थिति रही। भले ही वर्षा कम हुई हो, लेकिन जौनसार के पहाड़ों पर भूस्खलन की गति जारी रही।

वर्षा से यमुना व टोंस नदियों में जल प्रवाह बढ़ा है। शनिवार को यमुना का डिस्चार्ज 9500 क्यूसेक रहा।यमुना नदी का डाकपत्थर बैराज पर जलस्तर 455.37 मीटर रहा, जबकि यहां पर खतरे का निशान 455.37 मीटर पर है। जलस्तर खतरे के निशान पर आने की वजह से बैराज से फ्लड को पास किया जा रहा है। टौंस नदी का इच्छाड़ी बांध में जलस्तर 632 मीटर तक पहुंचा। यहां पर खतरे का निशान 644.75 मीटर पर है।

विकासनगर क्षेत्र के नालों के उफान पर आने से आसपास के गांवों में क्षति होने की आशंका से ग्रामीणों की परेशानी बढ़ गई है। नालों के उफान पर होने से आवागन भी बाधित हो रहा है। सोरना, बड़वा, टिकरी, डोभरी, होरावाला, रजौली, कोटडा कल्याणपुर, बिरसनी, कोटी आदि गांवों का संपर्क शहरी क्षेत्र से कट गया है।

हसनपुर कल्याणपुर के पास पांच नालों के कारण भूकटाव हो रहा है, हालता यह है कि करीब 30 बीघा जमीन दरियाबुर्द हो गई। आसन में फंसी ट्रैक्टर ट्राली को किसी तरह निकाला गया।

तेज बहाव के कारण पुस्ते टूटने से मलूकचंद गांव पर भी खतरा भी बढ़ गया है। रुद्रपुर में गोना नदी के रपटे के उफान पर आने से कई घंटे आवागमन ठप हो जा रहा है। लोग खतरा उठाकर रपटे को पार करने को मजबूर हैं। शिमला बाईपास पर करीब एक दर्जन रपटे हर साल राहगीरों के लिए परेशानी का कारण बन रहे हैं। इस समस्या पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जबिक ग्रामीण प्रत्येक वर्ष के दौरान परेशानी उठा रहे हैं।

# गंगोत्री से रामेश्वरम धाम के लिए दंडवत यात्रा पर निकले तीन साधु

## बारिश और भूस्खलन के बावजूद बढ़ी भक्ति की शक्ति

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तरकाशी। देश की उन्नति और मानव जनकल्याण के लिए तीन साधुओं ने गंगोत्री से रामेश्वरम धाम के लिए कनक दंडवत यात्रा शुरू की। तीनों साधुओं ने गंगोत्री से गंगा जल भरा है। 3,197.9 किमी की दूरी तय कर रामेश्वरम पहुंचकर तीनों साधु भगवान शंकर का जलाभिषेक करेंगे। गौ लोकधाम गंगापुर मुरैना मध्य प्रदेश के दामोदर दास, कौशल दास व मोनी बाबा रिकार्ड बनाने के लिए सबसे लंबी कनक दंडवत यात्रा पर निकले हैं। तीनों साधुओं ने गंगोत्री धाम से 29 जुलाई को गंगा जल भरकर यात्रा प्रारंभ की है।



बारिश और भूस्खलन भी उनकी भक्ति को डिगा नहीं पा रहे हैं। भक्ति की शक्ति से वह लगातार अपनी यात्रा पर हैं। यात्रा पर निकले दामोदर दास ने बताया कि वर्षा हो या भूस्खलन उनकी कनक दंडवत यात्रा निरंतर जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि मानव जन कल्याण के लिए कनक दंडवत यात्रा निकाली जा रही है। यात्रा पूरी होने पर रामेश्वरम धाम में जलाभिषेक किया जाएगा।

श्री बदरीनाथ- केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने रुद्रप्रयाग में भगवान शिव-पार्वती के विवाह स्थल त्रियुगीनारायण मंदिर को भव्य व दिव्य स्वरूप देने के लिए मंदिर समिति के अधिकारियों के साथ मंदिर का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मंदिर के तीर्थ पुरोहितों के साथ इस संबंध में चर्चा भी की। शुक्रवार को बीकेटीसी के अजेंद्र समिति के अधिकारियों के साथ त्रियुगीनारायण पहुंचे, सर्वप्रथम मंदिर के दर्शन के बाद मंदिर परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने स्थानीय निवासियों, हक-हकूकधारियों व तीर्थ पुरोहितों के साथ मंदिर परिसर के विकास और सुंदरीकरण पर चर्चा की। अजेंद्र ने मंदिर की जीर्ण-शीर्ण हो रही छत एवं झालर को बदलने के संबंध में आवश्यक कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए।

# बारिश के बाद उफान पर आया कैम्प्टी फाल





न्यूज़ वायरस नेटवर्क

मसूरी। रविवार को उत्तराखंड के पहाड़ी और मैदानी इलाकों में मूसलाधार बारिश हुई। दोपहर बाद हुई इस बार से गंगा सहित अन्य सहायक नदियों का जलस्तर बढ़ गया। वहीं मसूरी में दो घंटे तक मूसलाधार बारिश से आम जनजीवन प्रभावित हुआ।

कैम्प्टी फाल उफान पर आ गया। मौके पर मौजूद पुलिस ने फाल के समीप से पर्यटकों को सुरक्षा की दृष्टि से हटा दिया और फिलहाल पर्यटकों को फाल में प्रवेश नहीं दिया जा रहा है।

रविवार को उत्तराखंड के पहाड़ी और मैदानी इलाकों में मूसलाधार बारिश हुई। गंगा सहित अन्य सहायक नदियों का जलस्तर बढ़ गया। वहीं मसूरी में दो घंटे तक मूसलाधार बारिश से कैम्प्टी फाल उफान पर आ गया।

# उत्तराखण्ड राज्य आंदोलनकारी सुशीला बलूनी से मिले सीएम धामी

**मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने वरिष्ठ राज्य आंदोलनकारी महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष सुशीला बलूनी की कुशलक्षेम पूछने उनके आवास डोभालवाला गए**

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

मैक्स हस्पताल में भर्ती के दौरान मुख्यमंत्री प्रदेश से बाहर थे तो उन्होंने फोन से ही उनके स्वास्थ्य का हालचाल जाना। राज्य आंदोलनकारी मंच के अध्यक्ष एवं महासचिव जगमोहन सिंह नेगी व रामलाल खंडूड़ी के साथ सुमन भंडारी , भी बलूनी जी का स्वास्थ्य जानने उनके आवास पर पहुंचे। आपको याद दिलाते चले कि पिछले हफ्ते बलूनी जी के हार्ट से क्लॉट सरक कर नीचे पैरो में आ गया था जिसके चलते हृदय रोग के डॉक्टर योगेन्द्र द्वारा ऑपरेशन कर उनके पैर में स्टंट (बेलून) डाल दिया था। पुष्कर धामी ने बलूनी जी के परिजनों से भी बात करते हुए कहा कि सरकार हर तरह से आपके साथ है। आप चिंतित न हो। उनके परिजनों में पुत्री शशी बहुगुणा , छोटे पुत्र विजय बलूनी , बड़े पुत्र संजय बलूनी , और उनके नाती पोते मौजूद रहे।





## निजमुला घाटी में अतिवृष्टिः वीर गंगा के उफान पर आने से पुलिया बही, पैदल रास्ते टूटे

चमोली जिले में निजमुला घाटी में शनिवार शाम को अतिवृष्टि से वीर गंगा उफान पर बह रही है। यहां पाणा, ईराणी, भनाली और बौंणा गांव के ग्रामीणों की आवाजाही के लिए लगाई गई 12 मीटर की अस्थाई गार्डर पुलिया भी बह गई है जिससे इन गांवों के करीब 3000 ग्रामीणों के सामने आवाजाही का संकट खड़ा हो गया है।

निजमुला घाटी के गांवों में रुक-रुककर भारी बारिश हो रही है जिससे शनिवार शाम को सप्तकुंड क्षेत्र में अतिवृष्टि से पैदल रास्ते क्षतिग्रस्त हो गए हैं। वहीं वीर गंगा के उफान पर आने से झींझी गांव के समीप अस्थायी गार्डर पैदल पुलिया बह गई है। इसी पुलिया से पाणा, ईराणी, भनाली और बौंणा गांव के ग्रामीण आवाजाही करते थे।

अब ग्रामीणों के लिए आवाजाही का कोई साधन नहीं रह गया है। ईराणी गांव के ग्राम प्रधान मोहन सिंह नेगी ने बताया कि पुलिया के बहने से ग्रामीणों के आने जाने का संकट हो गया है। इसी पुलिया से झींझी गांव के स्कूली बच्चे स्कूल जाते थे और डाकिया भी गांवों में डाक लेकर पहुंचता था। भेलताना में दूसरी लकड़ी की अस्थायी पुलिया भी बह गई है यहां के ग्रामीणों के दिक्कतें भी बढ़ गई हैं।

अतिवृष्टि से उच्च हिमालय क्षेत्र से गुजरने वाला लार्ड कर्जन ट्रेक भी जगह-जगह क्षतिग्रस्त होने से बंद हो गया है। अगस्त माह से लार्ड कर्जन रोड (बुग्यालों से गुजरने वाला पैदल ट्रेक) पर पर्यटकों की आवाजाही शुरू हो जाती थी लेकिन इस बार कई जगहों पर ट्रेक क्षतिग्रस्त हो गया है। ऐसे में निजमुला घाटी में पर्यटकों की आवाजाही भी बंद हो जाएगी। क्षेत्र में पीएमजीएसवाई के तहत निजमुला-पाणा-ईराणी सड़क का निर्माण चल रहा है। यहां पैदल आवाजाही के लिए वीर गंगा पर निर्मित अस्थायी गार्डर पुलिया बह गई है। जल्द ही क्षेत्र में आवाजाही की वैकल्पिक व्यवस्था कराई जाएगी। इस संबंध में अधिकारियों से बात की जा रही है।

# आसमान छूती मंहगाई, बढती बेरोजगारी के खिलाफ 5 अगस्त, 2022 को कांग्रेस करेगी देश व्यापी आन्दोलन , कांग्रेसजन जतायेंगे विरोध : मथुरादत्त जोशी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। देशभर में आसमान छूती मंहगाई तथा बढती बेरोजगारी के खिलाफ कांग्रेस पार्टी 5 अगस्त, 2022 को देश व्यापी आन्दोलन करेगी ।उपरोक्त जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष प्रशासन/संगठन एवं वरिष्ठ मीडिया पैनलिस्ट मथुरादत्त जोशी ने बताया कि कांग्रेस पार्टी आसमान छूती मंहगाई एवं बढती बेरोजगारी के खिलाफ दिनांक 5 अगस्त, को राष्ट्रव्यापी आन्दोलन करेगी। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला, ब्लाक, प्रदेश स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक आन्दोलन का बिगुल फूंगा जायेगा। उन्होंने बताया कि पार्टी के लोकसभा एवं राज्यसभा सांसदगण राष्ट्रपति भवन तक ''चलो राष्ट्रपति भवन'' मार्च निकालेंगे जबकि दिल्ली में कांग्रेस पार्टी प्रधानमंत्री आवास घेराव करेगी वहीं प्रदेश मुख्यालयों में राजभवन का घेराव कर सामूहिक गिरफ्तारी दी जायेगी। इसी कार्यक्रम के तहत उत्तराखण्ड प्रदेश के कांग्रेसजन प्रदेश अध्यक्ष श्री करन माहरा के नेतृत्व में प्रदेश मुख्यालय देहरादून में विशाल प्रदर्शन के साथ राजभवन घेराव करेंगे।



प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष मथुरादत्त जोशी ने कहा कि आज देश में मंहगाई अपने रिकार्ड स्तर पर पहुंच गई है। पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस, खाद्य तेल, अनाज-दलहन जैसी जरूरी चीजों की आसमान छूती कीमतों ने आम आदमी के जीने की राह कठिन बना दी है। इस पर केन्द्र सरकार द्वारा रोज मर्रा की आवश्यक वस्तुओं पर अतार्किक तरीके से लगाई गई जी.एस.टी. के कारण मंहगाई और बढ़ गई है। साथ ही देश और प्रदेश में बेरोजगारी का आंकडा भी अप्रत्याशित रूप से आसमान छू रहा है। एक ओर जहां गांवों, शहरों, संगठित क्षेत्र, असंगठित क्षेत्र में हर तरफ बेरोजगारी विकराल रूप धारण कर चुकी है वहीं दूसरी ओर भाजपा सरकार की विवादास्पद और जल्दबाजी में तैयार की गई अग्निपथ योजना ने लाखों बेरोजगार युवाओं की आकांक्षाओं को नष्ट कर दिया है।

मथुरादत्त जोशी ने कहा कि देश में प्रचण्ड बहुमत वाली भाजपा सरकार ने जनता को चुनावी लाभ के लिए केवल भ्रमित करने का काम किया। मोदी सरकार ने अपने अभी तक के कार्यकाल में पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस सिलेण्डर तथा खाद्य पदार्थों की कीमतों में बेताहाशा वृद्धि के अलावा कोई उपलब्धि हांसिल नहीं की। उन्होंने कहा कि आज मंहगाई अपने चरम पर है तथा आम आदमी को दो वक्त की रोटी के लिए संघर्ष करना पड रहा है। सुरसा के मुंह की तरह पेट्रोलियम पदार्थों (डीजल, पेट्रोल, रसोई गैस) के दामों में लगातार हो रही वृद्धि से पहले ही आम जरूरत की चीजों के दामों में कई-कई गुना वृद्धि हो चुकी है उस पर अब केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा दैनिक उपभोग की आवश्यक वस्तुओं पर भी जी.एस.टी. लगाकर देश की जनता पर मंहगाई का बोझ डालने का काम किया है।

कांग्रेस उपाध्यक्ष जोशी ने यह भी कहा कि अलग उत्तराखण्ड राज्य की अवधारणा की नींव का मुख्य कारण पर्वतीय जनपदों में बढ़ती बेरोजगारी था तथा इसी के विरोध में राज्य निर्माण आन्दोलन में पर्वतीय जनपदों के बेरोजगार नवयुवकों ने बढ़चढ़ कर भागीदारी का निर्वहन किया। परन्तु आज भाजपा सरकारों की नीतियों के कारण हताश-निराश बेरोजगार युवकों को पलायन के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना में सेवा का सपना उत्तराखण्ड राज्य के नौजवान देखते थे परन्तु केन्द्र की मोदी सरकार ने विवादस्पद, खराब कल्पना और जल्दबाजी में तैयार की गई अग्निपथ योजना जिसमें कई जोखिम हैं तथा उससे न केवल सशस्त्रबलों की लम्बे समय से चली आ रही परम्पराओं और लोकाचार को नष्ट कर दिया है, को लाकर लाखों बरोजगार युवाओं की आकांक्षाओं पर भी कुठाराघात किया है।

मथुरादत्त जोशी ने कहा कि इसी कार्यक्रम के तहत उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा के नेतृत्व में आसमान छूती मंहगाई एवं बढती बेरोजगारी के खिलाफ दिनांक 5 अगस्त, 2022 को प्रदेश मुख्यालय देहरादून में विशाल प्रदर्शन के साथ प्रातः 11:00 बजे राजभवन घेराव का निर्णय लिया है जिसमें पार्टी के सभी वरिष्ठ नेतागण, पूर्व सांसद, 2019 के सांसद प्रत्याशी, विधायक, पूर्व विधायक, 2022 के विधानसभा प्रत्याशी, एआईसीसी सदस्य, पीसीसी सदस्य, जिला, महानगर अध्यक्ष, अनुषांगिक संगठन, विभाग, प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं बडी संख्या में कार्यकर्ता प्रतिभाग करेंगे।

हिंदी दैनिक
न्यूज़ वायरस



# मुख्यमंत्री ने किया 108 बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि ऋण सहकारी समितियों (एम पेक्स) के कम्प्यूटीकरण का लोकार्पण

## मुख्यमंत्री घस्यारी कल्याण योजना के अन्तर्गत टोटल मिक्स राशन (टीएमआर) यूनिट का भी मुख्यमंत्री ने किया शिलान्यास




मो0 सलीम सैफ़ी की रिपोर्ट
न्यूज़ वायरस नेटवर्क

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 108 एम०पैक्स के कम्प्यूटरीकरण का शुभारम्भ करने के साथ ही मुख्यमंत्री घस्यारी कल्याण योजना के अन्तर्गत साइलेज उत्पादन एवं विपणन सहकारी संघ लि० के संयुक्त उद्यम टोटल मिक्स राशन (ज्डत) की छरबा इकाई का शिलान्यास किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सहाकारिता की मूल अवधारणा है कि उसमें सबका सहयोग हो। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन के अनुरूप प्रदेश भी डिजिटल ट्रांजेक्शन की ओर बढ़ रहा है। इसका ही प्रतिफल है कि इसके माध्यम से लाभार्थी को पूरी की पूरी धनराशि डीबीटी के माध्यम से उसके खाते में जमा हो रही है इससे चोर बाजारी के रास्ते भी बन्द हुए है, जबकि इस सम्बन्ध में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी ने कहा था कि यदि किसी लाभार्थी को दिल्ली से 100 रूपये स्वीकृत होते हैं तो लाभार्थी तक 15 रूपये ही पहुंच पाते हैं। डिजिटल ट्रांजेक्शन के माध्यम से इस व्यवस्था में बदलाव आया है। अब लाभार्थी को शत प्रतिशत धनराशि प्राप्त हो रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि तेलंगाना के बाद उत्तराखण्ड दूसरा राज्य है जहां 670 पेक्स के कम्प्यूटीकरण की प्रक्रिया गतिमान है जिनमें से 108 एम पेक्स का कम्प्यूटरीकरण का कार्य पूर्ण किया जा चुका है, इसके तहत राज्य सरकार द्वारा सहकारी बैंक एवं नाबार्ड के सहयोग से 37.52 करोड़ की लागत से इन प्राथमिक सहकारी संस्थाओं को डिजिटल प्लेटफार्म पर लाने के प्रयास किये गये हैं। यह डिजिटल इंडिया के क्रियान्वयन में भागीदारी सुनिश्चित करने का भी सार्थक प्रयास है। एम पैक्स कम्प्यूटरीकरण से खातो को आनलाइन किये जाने तथा समिति के सदस्यों के लगभग 10 लाख से अधिक खातों को डिजिटल प्लेटफार्म पर आने से राज्य के 30 लाख से अधिक ग्रामीण जन लाभात्वित होंगे।

हमारी इस योजना को राष्ट्रीय स्तर पर सराहा भी गया है। सहकारिता के क्षेत्र में उठाये गये सुधारात्मक कदम बेस्ट प्रेक्टिस के रूप में पहचान बनाये इसके प्रयास हो। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री घस्यारी कल्याण योजना पिछले वर्ष केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित



शाह के द्वारा शुरू की गई थी। हमारी माताओं बहनों जिनको अपने पशुओं के घास के लिये दूर-दूर जाना पड़ता है तथा आपदा का सामना करना पड़ता है, उन सबको इससे निजात कैसे मिल सकती है इन सभी का समाधान है मुख्यमंत्री घस्यारी कल्याण योजना। मुख्यमन्त्री ने कहा कि राज्य के पशुपालकों को पोषण प्रणाली में हो रहे प्रौद्योगिक विकास से जोड़ते हुये मुख्यमंत्री घस्यारी कल्याण योजना के अन्तर्गत उत्तराखण्ड के दूरस्थ ग्रामीण पर्वतीय क्षेत्रों के पशुपालकों को पैक्ड सायलेज उनके घर पर उपलब्ध कराये जाने की व्यवस्था की जा रही है साथ ही सायलेज उत्पादक एवं विपणन सहकारी संघ लि0 के द्वारा टी०एम०आर० यूनिट के शिलान्यास से पशुपालकों को फायदा होगा।

इस योजना का उद्देश्य एक लाख से अधिक महिलाओं लाभार्थियों को रियायती दरों पर सायलेज फीड ब्लॉक उपलब्ध कराकर चारे के बोझ से मुक्त किया जा रहा है जिससे पशुओं के स्वास्थ्य और दूध की पैदावार में वृद्धि होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा स्व निधि योजना, मुद्रा योजना के साथ ही सामाजिक पैंशन, कृषि, बागवानी, औद्यानिकी आदि की योजनाओं का लाभ तत्परता से सभी सम्बन्धित को प्राप्त हो इसके लिये हम प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य समस्याओं को अटकाने में नही बल्कि समाधान का है। केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाये उत्तराखण्ड के नव निर्माण में मील का पत्थर साबित होंगी। इस सम्बन्ध में सभी विभागों द्वारा 2025 तक का रोड मेप तैयार किया जा रहा है। समाज के अन्तिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के जीवन में बदलाव लाकर ही प्रदेश आगे बढ़ सकता है। हर जरूरत मंद को योजनाओं का लाभ प्राप्त हो इसके लिये सरलीकरण समाधान एवं निस्तारण के मंत्र के साथ कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज में बदलाव लाने के लिये जरूरी है कि हमें जो भी दायित्व सौंपा गया है उसका बेहतर ढ़ंग से निर्वहन किया जाय, जब हम अपने दायित्वों को पूरे मनोयोग एवं इमानदारी के साथ निर्वहन करेंगे तो इससे समाज में बदलाव आने के साथ स्वंय में आत्मिक संतुष्टि का भाव भी उत्पन्न होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के सम्मान में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

प्रदेश के 20 लाख घरों में 13 से 15 अगस्त तक हर घर में राष्ट्रीय ध्वज लगाये जाने तथा 02 अगस्त से सभी लोगों से अपनी सोशल साइट प्रोफाइल पर तिरंगा लगाये जाने के अभियान का हिस्सा बनने की भी मुख्यमंत्री ने सभी से अपील की। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री द्वारा विभिन्न महिला स्वयं सहायता समूहों को ऋण भी वितरित किये गये जिनमें शंभु महिला समूह, राधेश्याम महिला समूह, मां पार्वती महिला समूह व हेमा महिला समूह को पांच-पांच लाख रूपये के ऋण प्रदान किये गये।

इस अवसर पर सहकारिता मंत्री डॉ0 धन सिंह रावत ने कहा कि प्रदेश में 33 लाख लोग सहकारिता से जुड़े है, सहकारिता के ऑनलाईन होने से लोगों को अपने खाते की पूरी जानकारी प्राप्त हो रही है। देश के कई राज्यों में प्रदेश की सहाकारिता कम्प्यूटरीकरण कार्य प्रणाली अपनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अब तक 6.41 लाख लोगों को बिना ब्याज के 37 करोड़ का ऋण उपलब्ध कराया गया है तथा 3837 महिला समूहों को पांच-पांच लाख के ऋण उपलब्ध कराये जा चुके है। उन्होंने कहा कि महिला समूहों के साथ ही पुरूष समूहों को भी ऋण उपलब्ध कराये जाने की व्यवस्था की जायेगी।

इस अवसर पर विधायक मुन्ना सिंह चौहान, सचिव मा0 मुख्यमंत्री आर. मीनाक्षी सुन्दरम, सचिव सहकारिता डॉ. बी.आर.सी. पुरूषोतम सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

# नई टिहरी में आफत की बारिश, चार मकान क्षतिग्रस्त, बड़ा हादसा टला

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

आमजन की शिकायतों का निस्तारण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसलिये जनता की कोई भी समस्या ह

नई टिहरी। शनिवार तड़के से उत्तराखंड में रुक-रुक कर हो रही वर्षा ग्रामीणों के लिए आफत साबित हो रही है। वर्षा से नई टिहरी में चार मकान क्षतिग्रस्त हो गए, जबकि ग्रामीणों ने भागकर जान बचाई। यही नहीं, पिंसवाड़, उणी, बनाली में पिछले एक सप्ताह से भी अधिक समय से ग्रामीण अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। वर्षा से चार पेयजल लाइन भी क्षतिग्रस्त हुई हैं। वहीं मसूरी में कैम्प्टी फाल भी उफान पर आ गया।

शनिवार को हुई वर्षा से चंबा के दिखोलगांव में खेम सिंह रावत का मकान क्षतिग्रस्त हो गया, गनीमत यह रही कि भवन क्षतिग्रस्त होने का आभास होते ही परिवार के सदस्य बाहर की ओर भाग निकले, जिससे बड़ा हादसा टल गया। भवन स्वामी खेम सिंह रावत ने बताया कि घर में रखा अधिकांश सामान खराब हो गया। टिहरी के तहसीलदार आशीष घिल्डियाल ने बताया कि पीड़ित परिवार को राहत सामग्री दी गई है।

साथ ही क्षति का आकलन कर रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी जा रही है। इसके अलावा, ग्राम बागी में मोहन लाल के मकान पर बोल्डर गिरने से मकान का कुछ हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। खतरे को देखते हुए मोहन लाल और उनकी पत्नी पास ही एक कमरे में चले गए, जिससे उनकी जान बच गई। जौनपुर प्रखंड के ग्राम अंगेडा का ग्राम पंचायत भवन भी रविवार सुबह वर्षा से क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे भवन में रखा सामान खराब हो गया। जौनपुर प्रखंड के ही ग्राम सेंदुल में विनीता देवी का मकान भी रविवार सुबह क्षतिग्रस्त हो गया।

यमुनोत्री धाम के अहम पड़ाव बड़कोट तहसील में लगातार वर्षा से जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया है। तहसील क्षेत्र के डंडाल गांव में रास्ते टूट गए, वहीं कई मकानों और आंगनों में दरारें पड़ने से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। ग्रामीणों ने प्रशासन पर अनदेखी का आरोप लगाया है और समय रहते उपाय न करने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।



तहसील बड़कोट क्षेत्र के डंडाल गांव निवासी अवतार सिंह रावत के आवासीय भवन की बुनियाद के ढहने से पूरा परिवार दहशत में आ गया है। यही हाल जय सिंह रावत, राजेंद्र सिंह, हुकुम सिंह, चरण सिंह, चैन सिंह, सोवेंद्र सिंह, श्रीपति लाल और चमरू लाल आदि के मकान पर भी दरारें आई हैं। क्षेत्र पंचायत सदस्य शांति टम्टा ने बताया कि गांव को होने वाले नुकसान का प्रमुख कारण गांव के नीचे बन रही प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना है।

विभाग की ओर से सड़क तो काट दी गई, लेकिन गांव की सुरक्षा को लेकर कोई भी काम नहीं किया। इससे सड़क के ऊपर बसे गांव में भूधसाव होने लगा है, जिससे भयभीत ग्रामीण पूरी रात जाग कर काटने को मजबूर हैं। वहीं, उपजिलाधिकारी शालिनी नेगी ने बताया कि इस संबंध में राजस्व उपनिरीक्षक को मौके पर भेजा जा रहा है।

कोटद्वार में पिछले दो दिन से हो रही वर्षा के बाद एक बार फिर पनियाली गदेरा उफान पर आ गया है। ऐसे में गदेरे के आसपास भवनों में रहने वाले परिवारों को खतरा बना हुआ है। हालत यह है कि प्रशासन व निगम की चेतावनी के बाद भी यह परिवार भवनों को खाली नहीं कर रहे हैं।

घाड़ क्षेत्र के जंगलों से आने वाला पनियाली गदेरा कोटद्वार नगर क्षेत्र के करीब तीन किलोमीटर हिस्से में शहर के बीच से होकर गुजरता है। प्रत्येक वर्ष वर्षाकाल के दौरान यह गदेरा क्षेत्र में कहर बरपाता है। ऐसे में पिछले दो दिन से हो रही बारिश के बाद एक बार फिर गदरे से खतरा बढ़ने लगा है।

पहाड़ में हो रही बारिश के कारण गदेरा कभी भी अपने उग्र रूप में आकर बह रहा है। रविवार सुबह भी गदेरा उग्र रूप में आ गया था। ऐसे में गदेरे के आसपास रहने वाले व्यक्तियों में दहशत का महौल बना हुआ था। मालूम हो कि गदेरे के आसपास फैले अतिक्रमण को हटाने के लिए सिंचाई विभाग ने कुछ वर्ष पूर्व अतिक्रमण भी चिह्नित किया था। लेकिन, आज तक इसे हटाने की सुध नहीं ली गई।

नगर आयुक्त किशन सिंह नेगी ने बताया कि बरसात के दौरान किसी प्रकार की अनहोनी न हो, इसके लिए चेतावनी जारी की गई है। गदेरे के आसपास रहने वाले व्यक्तियों से भी अपने भवनों को खाली करने की अपील की गई है।

# महाराज के हरिद्वार जनता दरबार में फैसला On The Spot, दिए निर्देश

## जनता दरबार में महाराज ने अधिकारियों को चेताया





**व्यक्तिगत रूचि लेकर हल करें समस्याओं का समाधान**



**आशीष तिवारी की विशेष रिपोर्ट**
**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

आमजन की शिकायतों का निस्तारण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसलिये जनता की कोई भी समस्या हो अधिकारी उसका निस्तारण व्यक्तिगत रूचि लेकर हल करना सुनिश्चित करें।

उक्त बात प्रेमनगर आश्रम में शनिवार को आयोजित जनता दरबार में आम लोगों के अलावा पार्टी कार्यकर्ताओं की समस्याओं और शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण करते हुए प्रदेश के कैबिनेट मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री सतपाल महाराज ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कही। उन्होने को चेतावनी देते हुए कहा कि आमजन की शिकायतों का निस्तारण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसलिये जनता की कोई भी समस्या हो, उसका निस्तारण व्यक्तिगत रूचि लेकर हल करना सुनिश्चित करें।

प्रदेश के हरिद्वार जनपद प्रभारी मंत्री सतपाल महाराज ने जनता दरबार कार्यक्रम में अनेक जन-समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए।इस मौके पर मंत्री महाराज ने कांवड़ मेला-2022 के सकुशल सम्पन्न होने पर सभी को बधाई एवं शुभकामनायें भी दी।

जनता दरबार में कुल 177 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से अधिकतर का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया तथा शेष प्रार्थना पत्रों को प्रकरण के निस्तारण में लगने वाले समय के अनुसार संबंधित विभागों के अधिकारियों को समयबद्ध निस्तारित करने के निर्देश दिये गये। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे अगर किसी का फोन आता है, तो उसे अवश्य उठा लें, अगर कहीं व्यस्तता है, तो कॉल बैक जरूर करें। जनता दरबार में प्राप्त होने वाली शिकायतों में जमीन की पैमाईस, स्ट्रीट लाइट लगाये जाने, राशन कार्ड बनवाने, अतिक्रमण हटाने, नाले की सफाई, भूमि सम्बन्धी विवाद निपटाने, सड़क का चौड़ीकरण, तटबन्ध निर्माण, रास्ता बनवाने, कच्चे माइनर को पक्का करने, पानी की निकासी, हैण्डपम्प को रिबोर करने, शस्त्र लाइसेंस दिलाये जाने, विद्युत का कनेक्शन दिलाये जाने, सड़क व पुलिया निर्माण करने, नालों का निर्माण करने, आर्थिक सहायता दिलाये जाने, नहर की पटरी के लिये रास्ता बनाने, तालाब का जीर्णोद्धार करने शौचालयों आदि से सम्बन्धित प्रकरण प्राप्त हुये। जनता दरबार में जिलाधिकारी विनय शंकर पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी पी0एल0 शाह, एचआरडीए सचिव उत्तम सिंह चौहान, एस0डी0एम0 पूरन सिंह राणा, मुख्य कृषि अधिकारी विजय देवराड़ी, परियोजना निदेशक विक्रम सिंह, लोक निर्माण, सिंचाई, ग्राम्य विकास, बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# प्रदेश में रविवार को मिले 224 नए संक्रमित, सक्रिय मामलों की संख्या 1500 पार

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**


देहरादून। उत्तराखंड में कोरोना धीरे-धीरे बढ़ रहा है। रविवार के हेल्थ बुलेटिन में राज्य में 224 व्यक्ति कोरोना से संक्रमित पाए गए और संक्रमण दर 15.57 प्रतिशत है।

देहरादून में संक्रमण का सर्वाधिक प्रकोप देखने को मिल रहा है। यहां कोरोना के 173 नए मामले पाए गए। इसके साथ जिले में एक्टिव केस की संख्या 1022 हो गई है। इसके बाद नैनीताल में 6, हरिद्वार में 8, ऊधमसिंह नगर, अल्मोड़ा व पौड़ी में 4, रुद्रप्रयाग और चमोली में 1-1, टिहरी में 3, चंपावत में तीन और उत्तरकाशी में 18 व्यक्ति संक्रमित पाए गए। पिथौरागढ़ और बागेश्वर में रविवार को कोई संक्रमित नहीं मिला है।

कोरोना में निरंतर हो रही बढ़ोतरी के चलते प्रदेश में एक्टिव केस की संख्या बढ़कर 1645 हो गई है और रिकवरी रेट घटकर 94.47 प्रतिशत पर आ गया है। ऋषिकेश में गंगा प्रेम हास्पिस कैंसर क्लीनिक की ओर से आयोजित निश्शुल्क जांच शिविर में 36 व्यक्तियों में कैंसर के लक्षण पाए गए। राजीव गांधी कैंसर संस्थान दिल्ली से आये वरिष्ठ कैंसर सर्जन डा.एके दीवान ने कैंसर से बचाव के बारे में जानकारी दी।

गंगा प्रेम हास्पिस कैंसर क्लीनिक की ओर से प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को हरिद्वार मार्ग स्थित सरदारनी ननकी देवी पंजाब सिंध क्षेत्र अस्पताल में निश्शुल्क जांच शिविर का आयोजन किया जाता है। रविवार को कैंसर सर्जन डा. एके दीवान ने 43 व्यक्तियों की जांच की। गंगा प्रेम हास्पिस के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.तरणजीत सिंह ने बताया कि 36 व्यक्तियों में कैंसर के लक्षण पाए गए, जिनमें पांच आखरी अवस्था में थे।

शिविर में आए मरीजों को परीक्षण के साथ उचित परामर्श भी दिया गया। विशेषज्ञों की ओर से इनकी काउंसलिंग भी की गई। शिविर में नर्सिंग आफिसर मनीषा जोशी, शीतल, रेनू, सोशल वर्कर अंजीता नाथ, फार्मेसिस्ट वंदना नेगी, स्वयंसेवी संस्था की ओर से सेरिंग यूडान, त्रिलोक खुराना, जतिंदर रतूड़ी मौजूद थे।



# एक महीने में सभी पदाधिकारी पेश करें अपना रिपोर्ट कार्ड : दिनेश मोहनिया, प्रदेश प्रभारी, आप

**महविश की रिपोर्ट**
**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



देहरादून मे आम आदमी पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक त्यागी रोड स्थित एक निजी होटल में संपन्न हुई जिसमें मुख्य रुप से उत्तराखंड प्रभारी दिनेश मोहनिया मौजूद रहे।

बैठक में प्रदेश के सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों समेत सभी जिला अध्यक्ष मौजूद रहे। इस दौरान आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रभारी दिनेश मोहनिया ने सभी पदाधिकारियों की बैठक लेते हुए पार्टी को आगे बढ़ाने के लिए सभी लोगों को जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए।

उन्होंने साफ तौर पर निर्देश दिए कि अगले 1 महीने के भीतर सभी पदाधिकारी अपना रिपोर्ट कार्ड पेश करेंगे। प्रदेश प्रभारी दिनेश मोहनिया ने सख्त रुख अपनाते हुए जिला अध्यक्षों की भी जमकर क्लास लगाई। उन्होंने समस्त जिला अध्यक्षों को 1 महीने का समय देते हुए सभी रिक्त पदों पर नियुक्ति किए जाने की गंभीरता से बात कही।

इस दौरान प्रदेश प्रभारी ने बताया कि आम आदमी पार्टी जिस तरीके से विधानसभा का चुनाव लड़ी उसी तर्ज पर आम आदमी पार्टी अपने संगठन को मजबूत करते हुए आगामी सभी चुनावों को लड़ेगी जिसकी शुरुआत जिला पंचायत चुनाव हरिद्वार से की जाएगी।उन्होंने आगे कहा कि आम आदमी पार्टी का संगठन निरंतर बढ़ रहा है और आने वाले 1 महीने के अंदर जितने भी रिक्त पद है सभी रिक्त पद भर दिए जाएंगे।इसके साथ ही उन्होंने सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को आम आदमी पार्टी की नीतियों के प्रचार प्रसार के लिए भी निर्देश दिए।इस बैठक में मुख्य रुप से जोत सिंह बिष्ट, डी के पाल,बसंत कुमार, रविंद्र आनंद ,उमा सिसोदिया , अमित जोशी,दिग्मोहन नेगी, शिशुपाल रावत ,आजाद अली, रजिया बेग, राधा सिंह, सुनीता टम्टा बाजवा,नितिन जोशी,मंजू तिवारी ,हेमा भंडारी, डिंपल सिंह विपिन खन्ना , वीरेंद्र सिंह समेत जिला अध्यक्ष भी मौजूद रहे।

# डीएम सोनिका की दिखी मानवीय संवेदना, आपदा से पहले दिए निर्देश





**महविश की विशेष रिपोर्ट**
**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

जिलाधिकारी सोनिका ने तहसील सदर अन्तर्गत बिष्ट गांव में भारी वर्षा के कारण एक भवन के आगंन क्षतिग्रस्त होने से खतरे की जद में आये परिवार को पंचायत घर एवं रिश्तेदार के यहां शिफ्ट किया। जबकि जिला प्रशासन द्वारा प्रभावित परिवार को टैन्ट,तिरपाल एवं खाद्य सामग्री वितरित की गई। स्थलीय निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी सदर को नियमानुसार भवन का आंगणन करते हुए मुआवजा बनाने के निर्देश दिए। इसके उपरान्त उन्होंने गोविन्दगढ एवं बिन्दाल नाले किनारे हुए भू-कटाव आदि स्थलों का निरीक्षण करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को तत्काल सुरक्षात्मक कार्य करने के निर्देश दिए। गोविन्द गढ में निरीक्षण के दौरान स्थानीय विधायक सविता कपूर भी मौजूद रही।

जिलाधिकारी ने बिष्ट गावं में निरीक्षण के दौरान खतरे की जद में पहुचे भवन में निवास कर रहे भवन स्वामी के मनीराम पुत्र गंभीरदत्त को उनके भाई के मकान में तथा दीपक शर्मा पुत्र मनीराम को पंचायतघर में शिफ्ट किया गया। इससे पूर्व जिला प्रशासन की ओर से प्रभावित परिवार को टैन्ट, तिरपाल, तथा खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई गई। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद उप जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि क्षतिग्रस्त हुए भवन का आगणन करवाते हुए मानक के अनुरूप मुआवजा बनाने क निर्देश दिए।

इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने गोविन्दगढ में छोटे नाले के समीप हुए भू-कटाव से खतरे से एक मकान खतरे की जद में आने की संभावना के दृष्टिगत उक्त भू-कटाव वाले स्थल पर अधिशासी अभियन्ता सिंचाई विभाग को सुरक्षा दीवार के लिए आंगणन तैयार करते हुए तत्काल सुरक्षा दीवार लगाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर स्थानीय विधायक सविता कपूर भी मौजूद रही। वहीं जिलाधिकारी ने बिन्दाल कावंली से सत्तोवाली घाटी गांधीग्राम तक स्थलीय निरीक्षण करते हुए भू-कटाव से बस्ती एवं रास्ते की सुरक्षा दीवार क्षतिग्रस्त होने के चलते अधिकारियों को आंगणन कर सुरक्षा दीवार बनाने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने बरसात के चलते समस्त उप जिलाधिकारियों एवं सम्बन्धित अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में ऐसे स्थानों जहां भू-कटाव एवं नदी नाले किनारे रह रहे लोगों की सुरक्षा को खतरा हो के लिए नजदीक सुरक्षित स्थान चिन्हित करने के निर्देश दिए ताकि भारी वर्षा के दौरान इन लोगों को चिन्हित सुरक्षित स्थानों पर स्थानान्तरित किया जा सके।

उन्होंने तहसील स्तर पर बनाये गए कन्ट्रोलरूम एवं बाढ चैकियों को 24×7 सक्रिय रहने के निर्देश दिए तथा सम्बन्धित अधिकारियों को इसकी मॉनिटरिंग करने के निर्देश। साथ ही आईआरएस सिस्टम से जुडे. विभागों के अधिकारियों को 24×7 मोबाईल फॉन खुला रखते हुए प्राप्त हुई सूचना पर त्वरित संज्ञान लेते हुए रिस्पांस करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान बिष्ट गांव उप जिलाधिकारी सदर/मसूरी नरेश चन्द्र दुर्गापाल, कानूनगो तथा राजस्व विभाग के कार्मिकों के साथ सम्बन्धित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। गोविन्दगढ एवं सत्तोवाली घाटी में निरीक्षण के दौरान सिंचाई विभाग, राजस्व, नगर निगम एवं लोनिवि के अधिकारियों सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

हिंदी दैनिक
न्यूज़ वायरस



# कोरोना वैक्सीन के फ्री कैम्प में उमड़ी भीड़ जागरूकता ही बचाव : राजकुमार पूर्व विधायक





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

परम पूज्य महंत श्री श्री 108 रविंद्र पुरी जी महाराज अध्यक्ष श्री अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के पावन सानिध्य में श्री पृथ्वीनाथ महादेव जी मंदिर देहरादून में कोरोना महामारी से बचाव के लिए दित्तीय निशुल्क वैक्सीन शिविर का आयोजन किया गया

**दीप प्रज्वलन कर हुआ शुभारंभ**

श्री पृथ्वीनाथ महादेव जी के चित्र के सम्मुख दिगंबर दिनेश पुरी जी, व महाकाल के भक्त और सेवा दल के पदाधिकारियों व प्रतिनिधियों ने दीप प्रज्वलन कर शिविर का शुभारंभ किया

**निशुल्क शिविर**

शिविर में लगभग 223 लाभार्थियों ने वैक्सीनेशन करवाया जिसमें महिलाएं पुरुष युवा के साथ ही साथ बच्चों को भी को वैक्सीन व कोवीशीड के साथ ही बूस्टर डोज भी नियमानुसार लगाई गई

**माननीयों ने भी लगाई अपनी हाजिरी**

लालचंद शर्मा पूर्व विधायक राजकुमार के साथ ही क्षेत्रीय पार्षद अजय सिंघल जी ने अपनी हाजिरी लगाकर लाभार्थियों व आयोजकों का समर्थन व सहयोग किया इस अवसर पर उन्होंने आम जनता से कोरोना से बचाव के लिए सभी से वैक्सीन लगवाने का आग्रह किया और सेवा दल द्वारा किए जा रहे इस रचनात्मक कार्य की प्रशंसा भी की

**महाकाल के भक्तों ने की निस्वार्थ सेवा**

कैम्प में महाकाल के भक्तों सामाजिक संस्था में निस्वार्थ अपनी सेवा की जिसमें उनके अध्यक्ष अंकुर जैन कार्यकारी अध्यक्ष दीपक जेठी ,गौरव तोमर, पुनीत मेहरा,नवेन्दु चौहान आदि टीम उपस्थित रहेइस अवसर पर चिकित्सकों की टीम में सम्मलित कोमल रावत,रूपा लक्ष्मी, मनीषा राणा के साथ ही दिगंबर भागवत पुरी जी दिगंबर दिनेश पुरी जी आचार्य भारत भूषण भट्ट माननीय लालचंद शर्मा माननीय राजकुमार राहुल शर्मा नवीन गुप्ता विक्की गोयल अंकुर जैन दीपक जेठी दीपक मित्तल अनुराग अग्रवाल दिलीप सैनी पंकज शर्मा आदि आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे ।

# तीज के पावन पर्व पर महिलाओं ने दी सुंदर प्रस्तुतियां आर डी टी ऑडिटोरियम में सभी लोगों का मन मोहा

## भारतीय वैश्य महासंघ देहरादून द्वारा तीज महोत्सव का किया आयोजन




**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

कार्यक्रम का शुभारंभ उत्तराखंड के राज्यसभा सांसद माननीय नरेश बंसल जी की अर्धांगिनी श्रीमती क्षमा बंसल साथ ही प्रदेश अध्यक्ष विनय गोयल प्रदेश संरक्षक राजेंद्र गोयल जिला अध्यक्ष विनोद गोयल मंत्री विवेक अग्रवाल अजय गर्ग सुधीर गोयल महिला अध्यक्षा श्रीमती रमा गोयल आदि ने दीप प्रज्वलन से किया

**पार्वती वंदना से हुआ कार्यक्रम**

इस अवसर पर कनक कला केंद्र की प्रख्यात कलाकार श्रीमती बीना अग्रवाल जी ने पार्वती वंदना व उसके पश्चात के अन्य कलाकारों के साथ शिव तांडव नृत्य प्रस्तुत किया

**मीठी नोकझोंक**

श्रीमती रमा गोयल, अन्नू, आदि द्वारा फिलर अर्थात मीठी नोकझोंक से सभी को गुदगुदाया

सपना जी ने तीज के मधुर गीत पर शानदार नृत्य किया

**ग्रुप डांस**

श्रीमती स्मिता गोयल, आंचल गोयल, दीपिका गोयल, रुकमणी गोयल, मेगा गोयल आदि द्वारा तीज के मधुर वा सदाबहार गीतों पर शानदार ग्रुप नृत्य प्रस्तुत किया गया जिसे देखकर सभी मुग्ध हो गए

**कजरी गीतों पर डांस**

श्रीमती चारू गोयल ने कजरी के पारंपरिक गीतों पर नृत्य करके सभी को झुमा दिया

**घूमर**

श्रीमती अर्चना सिंघल मैं अपने ग्रुप के साथ घूमर नृत्य प्रस्तुत किया

शास्त्रीय तीज का सुंदर कार्यक्रम संध्या जोशी जी एवं ग्रुपद्वारा प्रस्तुत किया गया

बेटी बचाओ पर प्रस्तुत हुआ विशेष कार्यक्रमरमा

रमा,मीनाक्षी ,अन्नू, दीपा, रुचि, सीमा द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर विशेष कार्यक्रम प्रस्तुत कर एक रचनात्मक संदेश देने का प्रभावशाली प्रयास किया गया

**तीज क्वीन प्रतियोगिता**

50 वर्ष आयु वर्ग व 50 वर्ष आयु वर्ग से अधिक की तीज क्वीन प्रतियोगिता भी आयोजित की गई

**उपयोगिता के जज**

प्रतियोगिता के जज श्रीमती लक्ष्मी अगरवाल वर्षा मांगलिक श्रीमती मिथिलेश गर्ग आदि रहेतीन वर्ग में तीज क्वीन चुनी गयी हैं परिणाम आते ही सूचित करता हूंइस अवसर पर कार्यक्रम में सर्वश्री कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य श्रीमती गीता पुष्कर धामी क्षमा बंसल के साथ ही प्रदेश अध्यक्ष विनय गोयल संरक्षक राजेंद्र गोयल महिला अध्यक्षा श्रीमती रमा गोयल मंत्री विवेक अग्रवाल अध्यक्ष विनोद गोयल अजय गर्ग महावीर गुप्ता, राजेश गर्ग संजयकुमार गर्ग आदि उपस्थित रहे संजय कुमार गर्ग मीडिया प्रभारी

पहला आयु वर्ग 35 वर्ष तक में आयुषी , द्वितीय रुक्मणी तृतीय दीपिका गोयल ,दूसरा आयु वर्ग 36 से 54 वर्ष में शील मंगल प्रथम, अर्चना सिंघल,निधि गर्ग तथा 55 वर्ष से ऊपर वीना अग्रवाल द्वितीय अमिता सिंघल, वर्षा गोयल रहे

# संपादकीय

## वाह, देश की स्वर्णिम बेटी!

शाबाश ! मीराबाई चानू, तुमने एक बार फिर कमाल कर दिया। भारत के नाम स्वर्ण पदक की पुनरावृत्ति और नए कीर्तिमानों के साथ इतिहास की एक और रचना... ! तुमने एक बार फिर भारत और तिरंगे को सम्मानित किया। राष्ट्रगान 'जन गण मन...' विश्व फलक पर फिर गूंज उठा, तो मन गर्व और भावुकता से भर उठा। सलाम है, तुम्हारे हुनर को। तुम्हारी तपस्या और समर्पण पर देश बलिहारी है। मणिपुर के एक छोटे से गांव की गरीब चानू और टोक्यो ओलिंपिक के बाद राष्ट्रमंडल खेलों की नायिका...रजत पदक से स्वर्ण पदक तक का सफरनामा...तुम्हारी प्रतिभा और खेल लगातार छलकते रहे हैं। तुम्हारे हौंसलों की उड़ान अनंत है। तुम कामयाबियों की मिसाल हो। अप्रतिम, अतुलनीय और एकमेव हो। तुम खुद में, खुद के लिए गंभीर चुनौती हो। तुमने नए मील पत्थर स्थापित किए हैं, तो युवाओं की प्रेरणा भी बनी हो। राष्ट्रमंडल खेलों में भारोत्तोलन की 'स्वर्णिम बेटी' यह अभी तो महज एक पड़ाव है। मंज़िलें दूर हैं, बहुत दूर। तुम्हारे पांव ज़मीन से चिपके हैं, यह तुम्हारे व्यक्तित्व की विनम्रता है। मुस्कान अत्यंत श्वेत और निर्मल है। तुम्हें तो अभी न जाने कितने अध्याय और लिखने हैं! भारोत्तोलन के अपने 49 किलोग्राम वजन-वर्ग में मीराबाई चानू अद्वितीय हैं, यह तुमने बार-बार साबित किया है। 2018 के कॉमनवेल्थ गेम्स में तुमने स्वर्ण पदक जीता था, अब 2022 के उन्हीं खेलों में उसकी पुनरावृत्ति की है। अपने सर्वश्रेष्ठ और कॉमनवेल्थ खेलों के नए कीर्तिमान गढ़े हैं तुमने, तो ओलिंपिक के प्रदर्शन का विस्तार भी किया है। मीराबाई ने स्नैच में 88 किग्रा, तो क्लीन और जर्क में 113 किग्रा, यानी कुल वजन 201 किग्रा उठाया है। पहले यह प्रदर्शन 200 किग्रा से कम था। चानू बिटिया ! तुमने राष्ट्रमंडल का गेम रिकॉर्ड भी नया किया है। मॉरीशस की जिस लडक़ी ने रजत पदक जीता है, वह तुम्हारे लक्ष्य से 29 किग्रा पीछे रही। वाह ! क्या खेल है हमारी बेटी का? व्यापक और विराट फासला... ! राष्ट्रमंडल खेलों की इस प्रतियोगिता में चानू बेटी ने लगातार तीसरी पदकीय उपलब्धि हासिल की है। 2014 में रजत पदक जीता था, उसके बाद दोनों स्वर्ण पदक ही जीते हैं। देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री मोदी और अन्य मंत्रियों समेत सभी खेल-प्रेमी, मीराबाई के असंख्य फैन, गर्व और गौरव से गदगद क्यों नहीं होंगे? 'भारत की बेटी' 2017 की विश्व चैम्पियनशिप की भी 'चैम्पियन' थीं। 'क्लीन एंड जर्क' में 119 किग्रा वजन उठाने का विश्व रिकॉर्ड भी चानू के नाम दर्ज है। भारोत्तोलन में मीराबाई चानू की सशक्त विरासत सामने आने लगी है, बेशक वे अलग वजन-वर्ग के पुरुष खिलाड़ी हैं। बीते शनिवार का दिन भारतीय भारोत्तोलन के ही नाम रहा, जब चानू की स्वर्णिम सफलता के साथ-साथ पुरुषों में संकेत महादेव सरगर ने रजत और गुरुराजा पुजारी ने कांस्य पदक जीते। यदि संकेत दाहिनी कोहनी मुडने के कारण चोटिल न होते, तो उनका 'स्वर्णिम दिन' तय था। मलेशिया के जिस मुहम्मद अनिक ने 249 किग्रा वजन उठाकर स्वर्ण जीता है, वह संकेत से मात्र एक किग्रा ही ज्यादा था। इस खेल में आने वाला दौर भारत का है। जिस तरह ओलिंपिक में चानू ने रजत जीत कर भारत का खाता खोला था और वह ओलिंपिक भारत के लिए सफलतम रहा, लिहाजा चानू की शुरुआत शुभ रहती है। अभी तक भारत बैडमिंटन, टेबल टेनिस, स्कवैश, मुक्केबाजी, पहलवानी आदि खेलों में एकतरफा जीत हासिल कर रहा है। इस बार खेलों में निशानेबाजी को शामिल नहीं किया गया है, लिहाजा दूसरे खेलों के जरिए भारत के प्रदर्शन की भरपाई करनी होगी। हॉकी और क्रिकेट में भी हमें शानदार कामयाबियों की उम्मीद है। ये खेल-प्रदर्शन भारत सरकार की नई नीति के नतीजे भी हैं। अब खिलाड़ी का पूरा खर्च सरकार वहन करती है। सफल और पदकीय खिलाडियों के लिए करोड़ों के नकदी इनाम के अलावा सरकारी नौकरी के तोहफे भी हैं। फिर भी हमें एक लंबा रास्ता तय करना है। ऑस्ट्रेलिया, न्यूज़ीलैंड, मलेशिया, ब्रिटेन, स्कॉटलैंड आदि देश भारत की तुलना में बहुत छोटे हैं, लेकिन पदकों की दौड़ में वे हमसे बहुत आगे हैं। विश्व स्तर पर अमरीका, रूस, चीन, जापान आदि देशों के खेल-प्रदर्शन हमसे बहुत बड़े हैं। इनसे सबक सीखते हुए हमें अपनी नीतियों में पर्याप्त संशोधन करने चाहिए।

**Income Tax Returns**

# चूक गए इनकम टैक्स भरने का मौका, फिर मिलेगा अवसर या होगी कार्रवाई?

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**




आयकर विभाग की तरफ से वित्त वर्ष 2021-22 में इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करने की 31 जुलाई की डेडलाइन में कोई बदलाव नहीं किया गया है। सोशल मीडिया पर इनकम टैक्स पोर्टल को लेकर की गई शिकायतों के बावजूद विभाग ने तय तारीख को नहीं बढ़ाया है। आज रात 10 बजे तक 63,47,054 आईटी रिटर्न दाखिल किए गए, जबकि पिछले एक घंटे में 4,60,496 आईटी रिटर्न भरे गए।

ऐसे में यह सवाल उठने लगे हैं कि आखिर जिन लोगों ने अब तक रिटर्न फाइल नहीं किया है, एक अगस्त से उनके साथ क्या होगा? क्या आयकर विभाग उन पर किसी तरह की कार्रवाई कर सकता है या उनके लिए टैक्स भरने का मौका बरकरार रहेगा। आइए जानते हैं...

1. जुर्माने का है प्रावधान

सरकार के नियमों के मुताबिक, जो भी टैक्स प्रदाता 31 जुलाई तक अपना रिटर्न फाइल नहीं कर पाए हैं, उनके पास अभी भी आयकर भरने का मौका बरकरार है। लोग 31 दिसबंर तक आयकर भर सकते हैं। हालांकि, डेडलाइन निकलने के बाद अब लोगों को इसके लिए जुर्माना भरना पड़ेगा। 1961 के आयकर कानून के मुताबिक, 31 जुलाई के बाद टैक्स भरने वालों पर धारा 234ए के तहत ब्याज के साथ आयकर भरना होगा।

2. किस पर कितने जुर्माने का नियम?

31 जुलाई के बाद टैक्स प्रदाताओं को जुर्माने के साथ रिटर्न फाइल करने का मौका मिलेगा। हालांकि, अलग-अलग आय वर्ग के लिए जुर्माने की रकम अलग होगी।

5 लाख तक की सालाना तनख्वाह वाले लोग 31 दिसंबर तक 1,000 रुपये के जुर्माने के साथ रिटर्न फाइल कर सकते हैं।

5 लाख रुपये से ज्यादा की सालाना तनख्वाह वाले 5,000 रुपये की लेट फीस के साथ अपना रिटर्न फाइल कर सकते हैं।

उन लोगों के टैक्स रिटर्न भरने पर कोई जुर्माना नहीं लगेगा, जिनकी सालाना आय छूट की सीमा से कम है। हालांकि, इसमें एक पेंच है...

नई टैक्स व्यवस्था के तहत 2.5 लाख रुपये से कम आय वालों को आयकर से छूट का प्रावधान है। यानी अगर कोई आयकर प्रदाता सालाना 2.5 लाख रुपये से कम कमाता है, तो उसे आईटी रिटर्न फाइल करने में कोई लेट फीस नहीं देनी होगी।

आयकर विभाग की बड़ी कार्रवाई

आयकर विभाग की बड़ी कार्रवाई - फोटो : एएनआई

डेडलाइन से चूके तो और क्या समस्या?

अगर 31 जुलाई की डेडलाइन तक उपभोक्ता आयकर रिटर्न फाइल करने से चूक जाते हैं तो उन्हें तय टैक्स (आउटस्टैंडिंग अमाउंट) पर एक फीसदी का ब्याज भी चुकाना होगा। यानी एक अगस्त से टैक्स प्रदाताओं को टैक्स के साथ ब्याज की राशि भी चुकानी पड़ेगी। इतना ही नहीं अगर कोई उपभोक्ता किसी महीने की 5 तारीख या उसके बाद टैक्स रिटर्न फाइल करता है तो उसे पूरे महीने का ब्याज देना पड़ेगा।

इनकम टैक्स

इनकम टैक्स - फोटो : i stock

क्या होगा अगर 31 दिसंबर तक रिटर्न फाइल करने से चूके?

अगर टैक्स प्रदाता 31 दिसंबर की आयकर रिटर्न फाइल करने की डेडलाइन से भी चूक जाते हैं तो उन्हें अपने वार्ड के इनकम टैक्स कमिश्नर के सामने माफी की अपील देनी होगी। इसके बाद ही उन्हें रिफंड या नुकसान को कैरी फॉरवर्ड करने की इजाजत होगी। इसके लिए विभाग ने एक फॉर्म 'आईटीआर यू' निकाला है, जिसमें उपभोक्ता अपडेट के साथ रिटर्न फाइल कर सकता है। इसमें उसे आय पर देर से कर जमा करने की वजह भी बतानी होगी। जैसे- पहले रिटर्न नहीं भरा गया, आय गलत बताई गई, गलत दर पर कर लगाया गया, आदि।

# अमरनाथ यात्रा को निशाना बनाने की साजिश, पुलिस ने बांदीपोरा के जंगलों से पकड़ा आतंकी

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



अमरनाथ यात्रा पर हमले की साजिश रच रहे लश्कर-ए-ताइबा के एक आतंकी को पुलिस ने बांदीपोरा जिले के अलोसा से जिंदा गिरफ्तार किया है। उसके पास से एक पिस्तौल व एक ग्रेनेड बरामद किया गया है। आने वाले दिनों में वह सुरक्षाबलों को भी निशाना बनाने की तैयारी कर रहा था।

सूत्रों के अनुसार, बांदीपोरा जिले के अलोसा के जंगल में आतंकियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के शनिवार को सेना, सीआरपीएफ व जम्मू-कश्मीर पुलिस की टीम ने एक संयुक्त तलाशी अभियान शुरू किया। इसी दौरान ऊंचे पर्वतीय इलाके में एक संदिग्ध आतंकी दिखाई दिया। जिसे सुरक्षाबलों ने घेर कर पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक पिस्तौल व ग्रेनेड बरामद किया गया। सूत्रों ने बताया कि कि पकड़ा गया लश्कर आतंकी आने वाले दिनों में सुरक्षा बलों पर हमले की योजना बना रहा था। अमरनाथ यात्रा भी उसके निशाने पर थी। इस आतंकी को पकड़ कर सुरक्षाबलों ने एक बड़ी घटना को टाल दिया।

उत्तरी कश्मीर के बारामुला में सुरक्षाबलों ने 24 घंटे के अंदर रविवार को एक और आतंकी मार गिराया। मुठभेड़ स्थल से सुरक्षाबलों ने एक एके राइफल, दो मैगजीन व 30 कारतूस बरामद किए हैं। मारे गए दहशतगर्द की शिनाख्त लश्कर-ए-ताइबा के सदस्य फैयाज अहमद के रूप में हुई है। वह बारामुला के पट्टन का रहने वाला था। इससे पहले शनिवार को सुरक्षाबलों ने वानीगाम इलाके में एक आतंकी मार गिराया था।

सुरक्षा बलों को सूचना मिली थी कि बारामुला के बिनेर गांव के आसपास एक आतंकी मौजूद है। सूचना मिलने के बाद सेना, सीआरपीएफ व स्थानीय पुलिस ने संयुक्त तलाशी अभियान शुरू किया। अभियान के दौरान जैसे ही संयुक्त तलाशी दल संदिग्ध स्थान की ओर बढ़ा छिपे हुए आतंकी अंधाधुंध गोलियां चलानी शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में स्थानीय आतंकी फैयाज अहमद मारा गया।

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, मारा गया आतंकवादी फैयाज मई 2022 से सक्रिय था। इससे पहले फैयाज अपने पिता के साथ हिजबुल मुजाहिदीन के आतंकियों के मददगार के रूप में काम कर रहा था। उसका पिता इरशाद अहमद हिजबुल का कमांडर था और देवबग में 2015 में हुई एक मुठभेड़ में मारा गया था। इरशाद नागरिकों की हत्या व उन पर हुए कई हमलों में भी शामिल रहा था। सुरक्षा बलों ने वर्ष 2017 में फैयाज को हथियारों और गोला-बारूद के साथ गिरफ्तार किया था। पांच साल बाद अप्रैल 2022 में न्यायालय ने उसे जमानत पर रिहा कर दिया गया था, लेकिन वह सुधरा नहीं और मई 2022 में घोषित तौर पर आतंकी बन गया।

इसके अलावा बांदीपोरा में अलोसा के जंगलों में सुरक्षाबलों ने लश्कर के एक हाइब्रिड आतंकी को गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान अनंतनाग के रहने वाले फैसल गुलजार के रूप में हुई। वह 17 जुलाई 2022 से लापता था। उसके पास से एक पिस्तौल और गोला-बारूद बरामद किया गया। सूत्रों के अनुसार वह आने वाले दिनों में सुरक्षा बलों पर हमले की योजना बना रहा था। उनका उद्देश्य अमरनाथ यात्रा के दौरान बड़ा व्यवधान उत्पन्न करना था।

# सावधान सावधान सावधान

# क्रैरेक्टर सर्टिफिकेट बांटने वाले छुपे हुए चरित्रहीन मूर्खों से सावधान

## ऐसे लोग आपकी बहु, बेटियों और बहनों को बदनाम करते है, अपने खुद के नापाक इरादों के फेल होने पर.?


सांकेतिक फोटो


सांकेतिक फोटो

**फिरोज़ आलम**
**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

भरोसा हमारे किसी भी बनाये रिश्ते की ज़िंदगी होता है , भरोसे की ज़मीन पर हम रिश्तों की फुलवारी उगाते है । इस दौरान कई लोग ऐसे मिलते हैं जिनकी सरपरस्ती में बागबान खुशबू से महकता है तो कुछ ऐसे लोग भी मिलते हैं जो बाग की हरियाली और फूलों की खुशहाली से महज़ इसलिए ईर्ष्या और बैर पाले रखते हैं क्योंकि उन्हें गुलशन की तरक्की में खुद की नाकामी डंक जैसी चुभती है।

आपको उन्नति की ओर प्रेरित करने वालों को आप पहचाने और अपनेपन का चोला ओढ़े आपकी अवनति के लिए कांटे बोने वालों से आपको सतर्क सावधान और होशियार रहने की ज़रूरत है। दरअसल कुछ लोग अपनी नाकामी और ईर्ष्या के हांथों इतने बीमार हो चुके होते हैं कि उन्हें समाज की मर्यादा , परिवार की अहमियत और मित्रता की ज़रूरत से ज्यादा अपने बीमार दिमाग की गुलामी ज्यादा पसंद आती है।

इन्ही मानसिक बीमार और समाज के बहुरुपियों का एक खास गैंग होता है जिनको नारी सम्मान और महिलाओं के आत्मसम्मान की जैसे कोई परवाह ही नहीं होती है , क्योंकि वो नज़र , नीयत और नाम से समाज का वो बदनाम हिस्सा होते हैं जिनको अपना बनकर भरोसे की बुनियाद पर फलने फूलने वाले रिश्तों को तार तार करने में न कोई शर्म होती है और न कोई झिझक।

सभ्य समाज के कचरे नुमा गैंग के ऐसे लोग आपको किसी भी रिश्ते की आड़ में छिपे मिल जाएंगे , ज़रूरत पारखी नज़र की है ताकि उन्हें बेनकाब किया जा सके।

आज हम आपको ऐसे ही दुष्ट और चरित्र सर्टिफिकेट बांटते वाले अदृश्य चरित्रहीन मूर्खों से सावधान कर रहे हैं । जिनके बुरे इरादों और षणयंत्र से आप आज ही सतर्क हो जाएं। ,वो आपके आसपास ही है,उनके बेटियां नही है इसलिए हर बेटी,बहु और बहन पर बुरी नज़र रखते है,अपने गंदे मकसद में कामयाब नही होते तो किसी की भी बहु,बेटी और बहन को चरित्र का सर्टिफिकेट बांटते फिरते है,किसी की बीवी,बेटी और बहन को चरित्र सर्टिफिकेट बांटने वाले मूर्खो से सावधान रहने की ज़रूरत है,

जी हां हमारे देश के किसी भी राज्य के किसी भी शहर में , जैसे मेरठ,दिल्ली, लखनऊ , चंडीगढ़ से लेकर मुम्बई तक ऐसे धूर्त और मूर्ख खुले आम घूमते नज़र आ सकते है जो आपकी बीवी,बेटी और बहन से शरीफों का लिबास पहन कर मिलेंगे और आपके भरोसे का क़त्ल करने में एक पल की देर नहीं करेंगे और उनकी बुरी नज़र आपके बरसों पुरानी दोस्ती और इज्जत को रुसवा करने में गड जाएगी।

शिद्दत से ऐसे लोग कोशिश करते है कि आपकी बीवी,बेटी या बहन को अपने जाल में जकड़ लें,लाख कोशिशों के बावजूद जब वो कामयाब नही होते तो शुरू करते है ,दुष्प्रचार और जलन का वो चक्रव्यूह जिसे कहते है कैरेक्टर सर्टिफिकेट बांटने का काम, जी हां हमारे समाज में ऐसे संकीर्ण सोच के घटिया लोग आपको मिल जाएंगे जो किसी भी महिला की इज्ज़त को तार तार करना अपनी शान समझने लगते है क्योंकि वो अपने गंदे मकसद में कामयाब हो नही पाते तो किसी की बीवी ,बहन या बेटी के चरित्र को बदनाम करने के लिए कैरेक्टर सर्टिफिकेट बांटने का काम शुरू करते है,जो महिला उनका शिकार नहीं बन पाती वो उसे समाज में बदनाम करने की कोशिश करते है,उसके चरित्र को तार तार करने से बाज़ नही आते,ये संकीर्ण मानसिकता के वो गंदे लोग होते है जिनका अपना कोई चरित्र नही होता,उनके खुद के बेटियां नही होती तो बेलगाम होते है।

ऐसे दुष्ट प्रवित्ति के भस्मासुर अपनी नापाक चाल चलकर खुद अपने चरित्र को खत्म कर लेते हैं क्योंकि वो जीवन के अंतिम दिन तक दूसरो की तरक्की और रोज़गार से जलते है,अपने बड़े बूढ़ों की ज़मीन संपत्ति के नाम के बूते समाज में खड़े नज़र आते है मगर अंदर से वो खोखले और सड़े गले होते है, । इनका काम दूसरो की बहु,बेटियो को बदनाम करके अपने गंदे इरादों की नाकामी को छिपाना होता है, ऐसे लोग अपने घरों में बुलाने या बैठाने के काबिल नही होते क्योंकि इनकी फितरत किसी की बहु,बेटियो या बहनों को गंदी नज़र से देखना होता है और जब ये लोग अपने गंदे मकसद में कामयाब नही होते तो महिलाओं को चरित्र सर्टिफिकेट बांटते नज़र आते है,तो आप सावधान हो जाए किसी को भी अपने परिवार की बहु,बेटियो या बहनों से मिलवाने से पहले,अपने विवेक का इस्तेमाल करें और देखें जो शख्स किसी की बहु बेटियो के बारें में कोई भी गलत शब्द इस्तेमाल कर रहा है और उसके खुद के बेटी है कि नही,वो अपनी बहनों की इज्ज़त करता है कि नही,वो अपनी मां को प्यार सम्मान देता है कि नही,दूसरों की मदद करता है कि नही,दूसरो की तरक्की और रोजगार से जलता है कि नही, या दूसरे की तरक्की से खुश होता है कि नही, जिसमे ये खूबियां न हो तो समझ लो वो शख्स जब किसी के चरित्र के बारे में सर्टिफिकेट बांटे तो उसका सर्टिफिकेट खुद उसके चरित्र का आइना होता है और घर में बुलाने या बैठाने के काबिल नही होता।

हमारी जनहित में आपसे गुज़ारिश है समाज के ऐसे खलनायकों से दूर रहें, क्योंकि हो सकता है अपनेपन का लबादा ओढ़े ये दुष्ट गंदे चरित्र वाले लोग, आपकी घर की इज्जत पर खतरा बन जाये । ऐसे में सतर्क रहें और इन लोगों को बेनकाब कर समाज को जागरूक ज़रूर कर रिश्तों की मर्यादा को बदनाम होने से बचाएं।इनके द्वारा जारी कैरेक्टर सर्टिफिकेट हाथों हाथ इनके मुंह पर चिपका दिए जाए।

# ग्रेड पे मामला : उत्तराखंड में पुलिसकर्मियों के परिजनों ने फिर दी आंदोलन की चेतावनी

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ग्रेड पे मामले में एक बार फिर पुलिसकर्मियों के परिजनों ने उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। उन्होंने सरकार और पुलिस विभाग को एक सप्ताह का अल्टीमेटम दिया है। आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री की घोषणा के एक साल बाद भी सिपाहियों को 4600 ग्रेड पे का लाभ नहीं मिला।

पत्रकारों से वार्ता करते हुए पुलिसकर्मियों ने परिजनों ने कहा कि सरकार ने उनके साथ विश्वासघात किया है। मुख्यमंत्री ने पिछले साल पुलिस स्मृति दिवस के कार्यक्रम में 2001 बैच के सिपाहियों को 4600 ग्रेड पे देने की घोषणा की थी, लेकिन इसके बाद सरकार ने दो लाख रुपये देने का शासनादेश जारी कर दिया।

यह बिल्कुल घोषणा के उलट था। ऐसे में परिजनों ने एक बार फिर से मुख्यमंत्री से मुलाकात की थी, लेकिन उनकी मांग पर अब तक कोई फैसला नहीं हुआ है। बता दें कि पुरानी



व्यवस्था के तहत अब 2002 बैच के सिपाही भी इसके हकदार माने जा रहे हैं, लेकिन अभी तक उनसे एक साल पहले वालों को ही 4600 ग्रेड पे नहीं मिला है।

**सरकार पर वित्तीय बोझ पड़ने का डर**

बताया जा रहा है कि सिपाहियों के 4600 ग्रेड पे पर सरकार इसलिए फैसला नहीं ले पा रही है कि उस पर वित्तीय बोझ पड़ेगा। क्योंकि, अगर पुलिस विभाग में यह व्यवस्था हुई तो अन्य विभागों से भी आवाज उठनी शुरू हो जाएगी। ऐसे में सरकार इस मामले में हाथ खींचती नजर आ रही है। माना जा रहा था कि दो लाख एकमुश्त भुगतान से पुलिसकर्मी संतुष्ट हो जाएंगे, लेकिन सरकार की यह तरकीब भी काम नहीं आई।

**इस्तीफे तक हुए थे वायरल**

ग्रेड पे की मांग जब पूरी नहीं हुई तो पुलिस के सिपाहियों के इस्तीफे भी वायरल हुए थे। हालांकि, इन्हें स्वीकार नहीं किया गया था। कुछ सिपाहियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई थी। इस वर्ष की शुरुआत में तकरीबन 18 से 20 सिपाहियों के इस्तीफे देने की बात सामने आई थी। पुलिस विभाग में इस बात को लेकर हड़कंप मच गया था। इसके बाद समझाने का दौर शुरू हुआ था। आश्वासन के बाद पुलिसकर्मी शांत हो गए थे।

**कई दौर में चल चुका है आंदोलन**

पुलिसकर्मियों के ग्रेड पे को लेकर आंदोलन की शुरुआत पिछले साल फरवरी में हुई थी। इसके बाद कई चरणों में आंदोलन किए गए। कभी सचिवालय कूच किया गया तो कभी सोशल मीडिया पर काले मास्क पहने फोटो शेयर किए गए।

दैनिक न्यूज वायरस
न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, मेरठ के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक मौ. सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून (उत्तराखंड) से प्रकाशित।
सम्पादक : मौ. सलीम सैफी
कार्यकारी सम्पादक आशीष तिवारी
दूरभाष : 0135-2672002
email-dainiknewsvirus@gmail.com
RNI No.- UTTHIN/2012/44094
वाद-विवाद का न्याय क्षेत्र देहरादून न्यायालय मान्य होगा